KRISHI VIGYAN KENDRA, SARAIYA (MUZAFFARPUR) – 843126
डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर, बिहार
DR. RAJENDRA PRASAD CENTRAL AGRICULTURAL UNIVERSITY, PUSA,
SAMASTIPUR, BIHAR – 848125

Letter . No. 80 /KVK, Muz.
Dated: 18/8/26

डॉ० राम पाल
Dr. Ram Pal
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
Senior Scientist & Head
Mob. No. 6287797159

# नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि विज्ञान केन्द्र, सरैया, मुजफ्फरपुर के फार्म परिसर में स्थित पोखर को मत्स्यपालन कार्य हेतु निर्धारित अवधि के लिए खुली नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाना है।
इस हेतु इच्छुक एवं पात्र मत्स्यपालक/व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर कृषि विज्ञान केन्द्र, सरैया, मुजफ्फरपुर में उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति के लिए निविदा/अनुबंध राशि ₹5,000/- (रुपये पाँच हजार मात्र) कार्यालय में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा।

**नीलामी का विवरण**

| विवरण | : | जानकारी |
|---|---|---|
| नीलामी की तिथि | : | 01/09/2026 |
| समय | : | 11:30 AM बजे |
| स्थान | : | कृषि विज्ञान केन्द्र, सरैया, मुजफ्फरपुर |
| पोखर का उपयोग | : | मत्स्यपालन कार्य |
| निविदा/अनुबंध राशि | : | ₹5,000/- (रुपये पाँच हजार मात्र) |

**महत्वपूर्ण सूचना एवं निर्देश**

**नोट:**

1. नीलामी से संबंधित निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें संलग्न हैं, जिनका पालन सभी प्रतिभागियों के लिए अनिवार्य होगा।
2. इच्छुक व्यक्ति नीलामी से पूर्व संलग्न नियम एवं शर्तों का भली-भाँति अवलोकन कर लें।
3. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहना होगा।
4. नीलामी से संबंधित किसी भी प्रकार का निर्णय कृषि विज्ञान केन्द्र, सरैया का अंतिम एवं मान्य होगा।

**वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान**
**कृषि विज्ञान केन्द्र, मुजफ्फरपुर-1**

**प्रतिलिपि—** निदेशक, प्रसार शिक्षा, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा।
**प्रतिलिपि—** डॉ. शिवेन्द्र कुमार, प्रोफेसर, मत्स्यपालन विभाग, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा – अध्यक्ष।
**प्रतिलिपि—** प्रकाशन प्रकोष्ठ, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।

राम पाल
18/8/26

Phone: Mob:- 6287797159 Web: www.rpcau.ac.in E-mail:- head.kvk.saraiya@rpcau.ac.in

# निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें

1. कृषि विज्ञान केन्द्र, सरैया, मुजफ्फरपुर के फार्म स्थित पोखर हेतु निविदा की अनुबंध राशि रु० 5,000/- (पाँच हजार रुपये मात्र) होगी, जिसे कार्यालय में जमा किया जायेगा।

2. इच्छुक निविदादाता निर्धारित निविदा प्रपत्र के साथ दिनांक 31.08.2026 को सायं 5:00 बजे तक अपना आवेदन/निविदा कार्यालय में जमा करेंगे। निविदा प्रपत्र के साथ आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. निविदा दिनांक 01.09.2026 को कृषि विज्ञान केन्द्र, सरैया के प्रशिक्षण कक्ष में अपराह्न 11:30 बजे निविदादाताओं एवं समिति के सदस्यों के समक्ष की जायेगी।

4. निविदा स्वीकृति के पश्चात पूर्ण निविदा की राशि का 50 प्रतिशत 72 घंटे के अंतर्गत कार्यालय में जमा करना होगा तथा शेष राशि 50 प्रतिशत दिनांक 31.03.2027 तक जमा करना होगा। अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी।

5. ऊपर लिखे प्रथम एवं द्वितीय किस्तों के तहत राशि जमा करने की निर्धारित तिथि/दिन की चूक या समाप्ति पर अंतिम विजेता बोलीदाता को देय तिथि से राशि जमा करने की तिथि तक देय राशि पर 21 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करना होगा।

6. प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर अधिकतम बोली लगाने वाले निविदाकारों की जमानत राशि 07 दिनों तक केन्द्र पर रखकर वापस कर दी जायेगी। उपर्युक्त शर्तें पूर्ण नहीं करने की स्थिति में निविदा दूसरे निविदादाता के नाम की जा सकती है एवं प्रथम की जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।

7. केन्द्र को बिना कारण बताये पूरी अवधि में विवाद की स्थिति में निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा एवं विवाद की स्थिति में केन्द्र प्रमुख का निर्णय अंतिम होगा तथा इससे हुए किसी भी नुकसान की जिम्मेदारी केन्द्र की नहीं होगी।

8. पोखर के अंदर या बाहर के क्षेत्र में किसी प्रकार का भौतिक कार्य एवं संरचना नीलामी लेने वाले व्यक्ति द्वारा नहीं किया जायेगा।

9. पोखर की देखरेख एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी निविदाता की होगी एवं पोखर से मछली निकालते समय पोखर में किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होना चाहिए।

10. पोखर से मछली निकालने का कार्य हमेशा कार्यालय कर्मचारी की उपस्थिति में एवं कार्यालय अवधि में ही किया जायेगा।

11. प्राकृतिक विपदाओं से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति की जिम्मेदारी केन्द्र की नहीं होगी।

12. रविवार, द्वितीय शनिवार एवं किसी राजपत्रित अवकाश के दिन पोखर से मछली निकालने का कार्य नहीं किया जायेगा। यदि अवकाश के दिन मछली निकालना आवश्यक हो, तो सुरक्षा प्रभारी, कृषि विज्ञान केन्द्र से आदेश प्राप्त करने के पश्चात ही पोखर से मछली निकाली जा सकेगी।

13. विशेष जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र, सरैया, मुजफ्फरपुर से संपर्क करें – 6287797159

18/8/26